**प्रसार भारती**
**आकाशवाणी केन्द्र शिमला**

**05.05.2025** **1500 बजे**

## कैबिनेट

प्रदेश मंत्रिमंडल की बैठक मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू की अध्यक्षता में लगातार दो दिन आज और कल शिमला में आयोजित होगी। महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत चर्चा के बाद अहम निर्णय लिए जाने के दृष्टिगत पहली बार लगातार दो दिन मंत्रिमंडल की बैठक रखी गई है। मंत्रिमंडल बैठक आज दोपहर बाद हो रही है, जिसमें कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा की उम्मीद है।

## बीजेपी प्रदर्शन

हिमाचल प्रदेश से पाकिस्तानी नागरिकों को वापिस भेजने के लिए सरकार द्वारा उचित कदम न उठाए जाने के विरोध में प्रदेश भाजपा ने आज प्रदेश भर में विरोध प्रदर्शन किए। शिमला में आयोजित विरोध प्रदर्शन को संबोधित करते हुए राजीव बिंदल ने आरोप लगाया कि प्रदेश कांग्रेस सरकार राज्य में रह रहे पाकिस्तानी नागरिकों को वापिस भेजने के लिए कोई कदम नहीं उठा रही है। उन्होंने प्रदेश सरकार की इस सुस्ती पर सवाल उठाए और कहा कि देश की आंतरिक सुरक्षा के लिए केंद्र सरकार महत्वपूर्ण कदम उठा रही है, ऐसे में प्रदेश सरकार भी गंभीरता दिखाए। सोलन में आयोजित विरोध प्रदर्शन को संबोधित करते हुए राज्यसभा सांसद सिकंदर कुमार ने कहा कि पहलगाम आतंकी हमले के बाद पाकिस्तान पर कार्रवाई तय है, लेकिन हिमाचल में भी कुछ ऐसी ताकतें हैं जो देश विरोधी तत्वों को प्रोत्साहन दे रही है, उनके खिलाफ भी कार्रवाई होनी चाहिए। चंबा में आयोजित विरोध प्रदर्शन को संबोधित करते हुए कांगड़ा से भाजप सांसद राजीव भारद्वाज ने कहा कि हिमाचल से पाकिस्तानी नागरिकों को वापिस भेजने के लिए सरकार ने कोई काम नहीं किया है। उन्होंने प्रदेश सरकार से आग्रह किया कि वे इस दिशा में तुरंत कदम उठाएं ताकि प्रदेश में अमन–चैन बना रहे। भाजपा प्रदेश मीडिया प्रभारी कर्ण नंदा ने ठियोग में विरोध प्रदर्शन को संबोधित करते हुए कहा कि कांग्रेस सरकार हिमाचल में रह रहे पाकिस्तानी नागरिकों को ढूंढने और वापिस भेजने में गंभीर नहीं है। उन्होंने सरकार की इस सुस्ती पर चिंता जताई और कहा कि कांग्रेस केवल अपने वोट बैंक के लिए इस तरह के देशविरोधी काम कर रही है। प्रदेश में अन्य स्थानों पर भी भाजपा ने इस दौरान प्रदेश सरकार के खिलाफ विरोध–प्रदर्शन किया।

## मौसम

प्रदेशवासियों को अभी कुछ और दिन मौसम के बिगड़े तेवरों का सामना करना पड़ेगा। मौसम विभाग ने अगले 4 दिनों के लिए प्रदेश के 5 ज़िलों में अंधड़, आसमानी बिजली गिरने, ओलावृष्टि और 40 से 60 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से अलग–अलग स्थानों पर आंधी चलने का ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। विभाग ने इस दौरान राज्य के किन्नौर ज़िले को छोड़कर अन्य सभी ज़िलों में भी

अंधड़, ओलावृष्टि और 30 से 40 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से आंधी चलने का यलो अलर्ट जारी किया है। इस बीच प्रदेश में आज अधिकांश स्थानों पर घने बादल छाए हुए हैं और कुछ स्थानों पर वर्षा भी हुई। राज्य में पिछले कुछ दिनों के दौरान कई स्थानों पर हुई ओलावृष्टि, आंधी और अंधड़ से कृषि और बागवानी को व्यापक नुकसान हुआ है। हिमाचल प्रदेश संयुक्त किसान मोर्चा के सहसंयोजक संजय चौहान ने इस नुकसान के आंकलन और मुआवजे की सरकार से मांग की है। प्रदेश के निचले क्षेत्रों में इन दिनों गेहूं और जौ की कटाई जारी है लेकिन लगातार बारिश और ओलावृष्टि से किसानों की खड़ी व कटी हुई फ़सलें खेतों में ही ख़राब हो रही है। किसानों ने सरकार से आर्थिक मदद की भी गुहार लगाई है।

...........................................................................................................................................